## एक नजर में

### संविधान हत्या दिवस पर क्विज़ प्रतियोगिता का आयोजन



**माकड़ोन।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार शासकीय महाविद्यालय माकड़ोन में 29 अक्टूबर को संविधान हत्या दिवस कार्यक्रमों की श्रृंखला के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय भारत में लोकतंत्र व्यवस्था रखा गया। अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. अनिल दीक्षित ने की। जबकि निर्णायक मंडल में डॉ. दीक्षा शर्मा एवं डॉ. रूबी पांडेय शामिल रहीं। आयोजन का संयोजन निशा पाटीदार द्वारा तथा संचालन डॉ. ज्योति जैन के मार्गदर्शन में हुआ। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें टीम 'सी' विजेता रही। जानकारी डॉ. नरेंद्र सरिया ने दी।

### न्यायाधीशों का दीपावली मिलन समारोह संपन्न



**महिदपुर।** उज्जैन जिले के सभी न्यायाधिशगणों ने परिवार सहित दीपावली मिलन समारोह डोंगला वेधशाला के सभागृह में जिला सत्र न्यायाधीश पूरनचन्द्र गुप्ता के मुख्य आतिथ्य एवं विशेष न्यायाधीश एससी एसटी एक्ट एवं एडीशनल सेशन न्यायाधीश अरविन्द प्रतापसिंह चैहान की उपस्थिति में मनाया और नववर्ष की मंगलकामनाएं दी। इस अवसर पर पद्मश्री डॉ. विष्णु श्रीधर वाकड़कर वेधशाला के प्रकल्प अधिकारी डॉ. घनश्याम रत्नानी ने सभी न्यायाधीशों का स्वागत करते हुए वेधशाला के भास्कर यंत्र, शंकु यंत्र व नक्षत्र वाटिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। इसी श्रृंखला में मप्र विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी परिषद भोपाल की ओर से वरिष्ठ वैज्ञानिक इन्द्रदेव सिसौदिया व नीरज प्रजापत द्वारा अत्याधुनिक टेलीस्कोप की कार्यप्रणाली के बारे में जानकारी दी। न्यास द्वारा संचालित वराह मिहिर तारा मण्डल में ग्रहों, राशि एवं नक्षत्रों की गणना में पंचांग निर्माण की विधि हर्षित पटेल द्वारा दर्शाई गई। डॉ. रत्नानी ने सभी के वैधशाला में पधारने पर आभार व्यक्त किया।

### अभिभाषक संघ ने किया दीपावली मिलन समारोह



**महिदपुर।** महिदपुर अभिभाषक संघ अध्यक्ष संजय निर्वाणी के नेतृत्व मे अभिभाषक संघ महिदपुर के सभागार में दीपावली मिलन समारोह का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर अभिभाषक संघ महिदपुर के सचिव शंकरसिंह तोमर, उपाध्यक्ष पल्लव मुखिया, कोषाध्यक्ष वैभव चोपड़ा, पुस्तकालय सचिव शक्तिसिंह पंवार एवं समस्त अभिभाषकगण उपस्थित रहे। कार्यक्रम को वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानसिंह पंवार, अनिल त्रिवेदी, मनोज कुमार धाकड़, विजय धाड़ीवाल, प्रेम कुमार शर्मा, भूपेंद्र कुमार गुलाटी, विनोद कुमार जैन, अंतरसिंह आंजना, रामचंद्र परमार, भगवती प्रसाद पुरोहित एवं अभिषेक चैधरी ने संबोधित कर सभी को शुभकामनाएं दी। आभार अभिभाषक संघ महिदपुर के उपाध्यक्ष पल्लव मुख्या ने माना। उक्त जानकारी अभिभाषक संघ मीडिया प्रभारी मुर्तजा बोहरा ने दी।

### यूको बैंक माकड़ौन में अव्यवस्था हावी

**माकड़ोन।** यूको बैंक माकड़ोन में सर्वर और शाखा में स्टाफ की भारी कमी के कारण ग्राहकों को गंभीर परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बैंक में मिनटों का काम घंटों में पूरा होता है। जिससे वरिष्ठ नागरिकों सहित सभी ग्राहकों में रोष व्याप्त है। ग्राहकों ने बताया कि बैंक की शाखा दूसरी मंज़िल पर होने से वरिष्ठ नागरिकों को आने-जाने में कठिनाई होती है। साथ ही पार्किंग और पीने के पानी की व्यवस्था का भी अभाव है। भीड़भाड़ और गर्मी में ग्राहक खुद को थका और असहाय महसूस करते हैं। ग्राहकों ने कहा कि बैंक में एसी तक बंद रहते हैं और शिकायतों पर कोई ध्यान नहीं दिया जाता। जनता ने शासन-प्रशासन से शाखा व्यवस्था सुधारने, स्टाफ बढ़ाने और बैंक को निचली मंज़िल पर स्थानांतरित करने की मांग की है।

### निवेश जागरुकता पर व्याख्यान आयोजित



**घट्टिया।** स्व. नागूलाल शासकीय महाविद्यालय घट्टिया में बुधवार को प्राचार्य डॉ. पुलकिता आनंद की अध्यक्षता में निवेश जागरूकता विषय पर सेबी स्मार्ट ट्रेनर मैडम रिजवाना खान ने व्याख्यान प्रस्तुत किया। व्याख्यान में वित्तीय जागरूकता, बजट नियोजन, बचत एवं निवेश की विभिन्न शासकीय योजनाओं, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड और शेयर मार्केट साथ ही ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव व सावधानियां के संबंध में छात्र-छात्राओं को अवगत कराया। खान ने बताया कि सेबी का उद्देश्य निवेश रणनीतियां, जोखिम लेने की क्षमता और दीर्घकालिक वित्तीय लक्ष्य के बारे में जागरूक करना है। प्राचार्य डॉ. पुलकित्ता आनंद ने निवेश एवं महिलाओं को छोटी-छोटी बचत करने पर विशेष बल दिया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने विषय से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए प्रश्न भी पूछे जिनका समाधान विषय विशेषज्ञ ने किया। संचालन डॉ. वंदना चुटैल ने व आभार डॉ. रेखा सोलंकी ने माना। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुनील गुजराती एवं स्टाफ सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### राज्यसभा सदस्य का अभिनंदन

**बड़नगर।** इंदौर-खाचरौद मार्ग पर विधायकजितेंद्र सिंह पंड्या के नेतृत्व में राज्यसभा सदस्य कविता पाटीदार का भव्य स्वागत किया गया। यह सम्मान उस महत्वपूर्ण पहल के लिए था। जिसमें उन्होंने लोकसभा में दमदार तरीके से किसानों की घोड़ा रोज से मुक्ति की मांग को उठाया था। किसानों की पीड़ा को स्वर देने वाली इस पहल ने क्षेत्रीय जनमानस में आशा की नई किरण जगाई है। स्वागत के समय जिला मंत्री रितु पाटीदार, समाज जिला अध्यक्ष कृषि दर्शन रामजी पाटीदार, सुखदेव पाटीदार और क्षेत्र के सम्मानित सरपंच गण मनोहर गुर्जर, संतोष पाटीदार, अशोक सोयल, पूरन सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति दर्ज कराई। दीपक पंड्या एवं समस्त कार्यकर्ताओं ने मिलकर इस आयोजन को सफल बनाया। जिसमें सम्मान, आभार और जनभावनाओं की गूंज स्पष्ट रूप से सुनाई दी।

## उद्यमिता जागरूकता शिविर में छात्राओं को किया स्वरोजगार के लिए प्रेरित

**▸ सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना एवं सरकारी वित्तीय जानकारी प्रदान की**




**उज्जैन।** शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय उज्जैन में स्वामी विवेकानंद कैरियर गाईडेंस प्रकोष्ठ के अंतर्गत केंद्र शासन द्वारा एमएसएमई भारत शासन के द्वारा संचालित ईएसडीपी योजना के तहत उद्यमिता जागरूकता शिविर (ईएपी) कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य महाविद्यालय की छात्राओं को उद्यमिता के माध्यम से स्वरोजगार के लिये प्रेरित करना। सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाएं एवं सरकारी वित्तीय जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक द्वारा की गई। मुख्य वक्ता के रूप में प्रमेश मिश्रा, जिला समन्वयक उद्यमिता विकास केंद्र म.प्र. एवं राजेंद्र जैन (एमएसएमई) इंदौर से उपस्थित थे। स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. प्रशांत पुराणिक ने उद्यमिता विकास केंद्र की जानकारी देते हुए बताया कि उद्यमिता नए विचारों को वास्तविक व्यवसाय में बदलने की एक प्रक्रिया है। प्रमेश मिश्रा ने विभिन्न उदाहरणों से स्वरोजगार एवं जोखिम उठाना, अवसर पहचानना और एक नया उद्यम स्थापित करना एवं राजेंद्र जैन ने सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी प्रदान की।

कार्यक्रम की संयोजक डॉ. भारती श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों का परिचय एवं कार्यक्रम की रूपरेखा रखी गई। संचालन डॉ. विक्रांत द्वारा किया गया एवं आभार डॉ. अर्पिता त्रिवेदी द्वारा प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम में राजेंद्रसिंह सोलंकी सहा. प्राध्यापक इतिहास एवं अन्य प्राध्यापकगण उपस्थित रहे।



## अन्नकूट महोत्सव के साथ रामघाट गोताखोर एवं सफाई संरक्षकों का किया सम्मान

**उज्जैन। सनातनी परंपरा अनुसार कार्तिक मास में देवालयों में 56 भोग लगाया जाता है। इसी क्रम में शिप्रा तट पर 13/84 श्री कामेश्वर महादेव पर भगवान का आकर्षक अत्यंत सुंदर और मनमोहक रूप में दर्शन दिए।**

शासकीय पुजारी पूजा अमृतेश त्रिवेदी ने बताया कि कार्तिक मास, शुक्ल पक्ष, छठपर्व पर 27 अक्टूबर सोमवार को संध्याकाल में 13/84 श्री कामेश्वर महादेव में 56 भोग लगाकर महाआरती कर सफाई संरक्षकों एवं रामघाट गोताखोरों का सम्मान किया गया। इस अवसर पर मंदिर पर बहुत आकर्षक विद्युत साज सज्जा एवं पुष्प सज्जा की गई। आशीर्वाद दाता के रूप में युवराज स्वामी डॉ. माधव प्रपन्नाचार्य महाराज का पावन सानिध्य प्राप्त हुआ। मनीष शास्त्री, रूपनारायण मीणा, रवि त्रिवेदी, सचिन शर्मा, दुष्यंत त्रिवेदी, ऋषभ त्रिवेदी, माधव व्यास आदि सहित सैकड़ों श्रद्धालुगण उपस्थित थे।

## प्रश्न मंच प्रतियोगिता में प्रतापगढ़ ग्रुप विजेता




**उज्जैन। महावीर भवन नमक मंडी में चातुर्मास हेतु विराजित मालवकीर्ति जिनशासन प्रभावीका उपप्रवर्तनी पूज्य कीर्तिसुधा महाराज आदि ठाणा चार के आशीर्वाद प्रेरणा व सानिध्य में आयोजित जिनेंद्र आनंद वल्लभ कीर्ति ट्रॉफी प्रश्न मंच में प्रतापगढ़ ग्रुप की सविता तरवेचा, अल्पना तरवेचा, ललिता फाफरिया, शुभी जैन सर्वाधिक अंक प्राप्त कर विजेता ट्रॉफी एवं नगद पुरस्कार से हुए सम्मानित।**

दूसरे स्थान पर शाजापुर ग्रुप की विजयलक्ष्मी जैन, शशि भंडावत, मीनल जैन और शीतल जैन तथा तीसरे स्थान पर नागदा जंक्शन ग्रुप की, विजया लुणावत, साधना जैन, अमृतबेन मारू व संगीता सकलेचा रहीं। इन दोनों ग्रुपों को भी नगद पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया गया। उज्जैन शुजालपुर आदि शहरों से भी कई प्रतियोगियों ने भाग लिया। प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान पर रहे। प्रतियोगियों के साथ ही सभी ज्ञान प्रतिभाओं को परम गुरुनी भक्त रेखा अमित श्रीमाली परिवार उज्जैन की ओर से पुरस्कार प्रदान किए गए।

कालखंड धार्मिक जनरल सामान्य विषय पर आधारित प्रश्न मंच के तीन राउंड मैं 30 प्रश्न पूछे गए थे। इस प्रश्न मंच का सफल संचालन संतोष जैन मामा इंदौर ने किया। स्मरण रहे कि मालवकीर्ति के पावन सानिध्य एवं प्रेरणा से उनके चातुर्मास काल में यह प्रश्न मंच प्रतियोगिता विगत 20 वर्षों से निरंतर चातुर्मास समापन पर हर शहर में आयोजित की जा रही है। आंसर शीट बनाने में महासती नूतन प्रभा आराधना के साथ ही संघ के युवा समाजसेवी वरुण श्रीमाल का महत्वपूर्ण सहयोग रहा। प्रश्न मंच को सफल बनाने में इस अवसर पर उपस्थित चातुर्मास समिति के सह संयोजक सुनील लोढ़ा, महावीर भटेवरा, महेंद्र संचेती, प्रतापगढ़ से अंबालाल चंडालिया बेरछा से सूरजकरण जैन, उज्जैन महिला संघ की अध्यक्ष आभा गुप्ता,सरक्षक निर्मलाकांठेड़ आदि का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। श्रावक संघ के अध्यक्ष चंद्रप्रकाश गादिया, प्रकाश गोखरू, मानमल दुग्गड, सुनील श्रीमाल आदि पदाधिकारियों ने सभी विजेता टीम एवं प्रतिभागियों को बधाई दी।

## कथावाचक साध्वी मुरलीकाजी ने सुनाए अनेक वृतांत



**उज्जैन।** क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज जयसिंहपुरा के तत्वावधान में आयोजित प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव एवं श्रीमद् भागवत कथा के तृतीय दिवस महामंडलेश्वर ज्ञान दास महाराज एवं साध्वी मुरलीका देवी ने अनेक वृतांत सुनाऐं जिसमें एक बार चारों युग में बहस हुई मेरे युग में किसी का कोई अपमान व नुकसान नहीं हुआ। कलयुग में सुमरन संकीर्तन से कल्याण मोक्ष हो जाता है। सतयुग में तपस्या करने पर भजन करने पर भी सफल नहीं हो पाता था, सतयुग को बहुत अहंकार था सतयुग व कलयुग में होड लगी एक समय एक गौ माता रो रही थी जैसे अनेक वृतांत सुनाए।

साध्वी मुरलीकाजी ने कहा कि कलयुग में किसी स्त्री के साथ आपराधिक घटना होती है तो उसे दंड अवश्य मिलता है इसलिए कलयुग अच्छा है। आपने मातृशक्ति की ताकत बताई। कथा के अंत में क्षत्रिय मेवाड़ा कुमावत समाज जयसिंहपुरा मोहनलाल देतवाल, अध्यक्ष सत्यनारायण लाड़ना, उपाध्यक्ष महेश दौराया, सचिव धर्मेन्द्र बोरा, कोषाध्यक्ष बलराम सर्वा, संयुक्त सचिव वासुदेव नागौरा, सदस्यगण प्रेमचंद बोरा, नरेन्द्र देतवाल, दिपक देतवाल, राजेश देतवाल, संतोष पालड़िया, योगेश देतवाल, दिलीप देवाल, महेश धनारिया, नाथुलाल देतवालख् लोकेश मरमट मुख्य यजमान बाबूलाल घोड़ेला, उर्मिला घोड़ेला पुत्र मनोज घोड़ेला अरण्डिया, राष्ट्रीय संगठन मंत्री बसंत कुमार दौराया ने महाआरती कर समाजसेवको का सम्मान किया।

## 7 दिसंबर को प्रतिभा सम्मान एवं वार्षिक मिलन समारोह

**नागदा। सर्व ब्राह्मण महासभा, नागदा द्वारा प्रतिवर्ष दिसंबर माह में आयोजित होने वाला वार्षिक मिलन समारोह एवं प्रतिभा सम्मान समारोह इस वर्ष 7 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा।**

इस अवसर पर समाज के मेधावी छात्र-छात्राओं को उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों के साथ-साथ वे सभी समाजजन, जिन्होंने किसी भी क्षेत्र में विशेष उपलब्धि हासिल की है, उन्हें भी सर्व ब्राह्मण महासभा द्वारा सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठजनों एवं विशिष्ट अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी, जिससे यह आयोजन समाज में एकता, प्रगति और प्रेरणा का संदेश देगा।

आयोजन की रूपरेखा को अंतिम स्वरूप देने हेतु सर्व ब्राह्मण महासभा की बैठक अध्यक्ष डॉ. अनिल दुबे की अध्यक्षता में श्रीजी हॉस्पिटल परिसर में सम्पन्न हुई। बैठक में समाज के वरिष्ठ चंद्रशेखर दवे, डॉ. प्रदीप रावल, डॉ. कैलाश जोशी, केसी पुरोहित, डॉ. अग्निवेश पांडे, सचिव सुंदरलाल जोशी, विजय व्यास एवं राजेश तिवारी सहित कार्यकारिणी सदस्यों ने सहभागिता कर कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत चर्चा की और विभिन्न दायित्व निर्धारित किए। समारोह में सर्व ब्राह्मण महासभा के समस्त सदस्य, समाजजन एवं परिवारजन उत्साहपूर्वक सम्मिलित होंगे। आयोजन को सफल एवं भव्य रूप देने के लिए महासभा की टीम ने सक्रिय रूप से तैयारियां प्रारंभ कर दी हैं। जानकारी निलेश मेहता ने दी।

**यूडीए की मीट संपन्न ▸ उज्जैन और इंदौर विकास प्राधिकरण ने किया इन्वेस्टर्स मीट का सफल आयोजन**

## 10 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में क्षिप्रा विहार, त्रिवेणी विहार एवं गुलमोहर योजना





**नवभारत न्यूज**

**उज्जैन।** विकास प्राधिकरण एवं इंदौर विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वावधान में आगामी सिंहस्थ 2028 को दृष्टिगत रखते हुए प्राधिकरण द्वारा विभिन्न योजनाओं में पहली बार 10 लाख वर्गफीट से अधिक क्षेत्रफल में शहर के मध्य क्षिप्रा विहार, त्रिवेणी विहार एवं गुलमोहर योजना में व्यावसायिक गतिविधियों के लिए व्यावसायिक भूखंडों को प्राप्त करने के उद्देश्य से इंदौर स्थित होटल मेरियट में एक इन्वेस्टर्स मीट का आयोजन किया था।

इस मीट में प्रदेश के उद्यमियों को प्रत्येक भूखंड से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण के सीईओ संदीप सोनी ने एक विस्तृत पावर पाईट प्रेजेन्टेशन एवं वीडियो के माध्यम से उपलब्ध कराई। मीट के पश्चात प्रश्नोत्तरी भी रखी गई थी। जिससे किसी उद्यमी का भूखंडों को लेकर कोई प्रश्न हो तो उसका भी तत्काल निराकरण किया जा सके।

इसके पश्चात इंदौर विकास प्राधिकरण एवं मप्र पर्यटन विकास निगम ने भी अपने-अपने प्रेजेन्टेशन प्रस्तुत किए। भूखंडों की जानकारीhttp://Vikaspradhikaran.mponline.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। साथ ही कार्यालयीन समय में साईट विजिट हेतु प्राधिकरण कार्यालय में आ सकते है, कार्यालय द्वारा साईट विजिट की व्यवस्था की रखी गई है एवं इन योजनाओं में एक अस्थायी आफिस का निर्माण भी किया गया है जहां पर भूखंडों से संबंधित समस्त जानकारी डिजिटल रूप में भी उपलब्ध रहेगी। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए प्राधिकरण के सम्पदा अधिकारी जीवनलाल मोघी 98272 45972 से सम्पर्क किया जा सकता है। इन्वेस्टर्स मीट में इंदौर विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. परीक्षित झाडे, उज्जैन विकास प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालन अधिकारी संदीप सोनी,, मप्र पर्यटन विकास निगम के उपसचिव राजेश गुप्ता तथा प्रदेश के प्रमुख उद्योगपति, डेवलपर्स तथा निवेशक भी उपस्थित थे।